# सामुदायिक पुलिसिंग के उत्कृष्ट उदाहरण पाराशर नहीं रहे

## सतना से उनका नाता लंबे समय तक जुड़ा रहा, ईमानदारी बनी उनकी पहचान

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर, पुलिस सेवा के दौरान जिनके लिए सतना और सतना के निवासी हमेशा खास अहमियत रखते रहे ऐसे अधिकारी के.डी.पाराशर के निधन की सूचना से लोग हतप्रभ रह गये.**

मध्यप्रदेश पुलिस सेवा के दौरान सतना में सीएसपी, एडिसनल एसपी और बाद में एसपी रहे श्री पाराशर को शायद ही कोई ऐसा होगा जो उनसे परिचित नहीं रहा हो.

वे मानते थे कि परिवार भी हमेशा ईमानदारी को पसंद नहीं करता, लेकिन यदि एक बार समझौता कर लिया तो जीवन भर पश्चाताप करना पड़ता है.

श्री पाराशर वर्ष 2011 में सीहोर जिले से पुलिस अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए और उसके बाद ग्वालियर के दीनदयाल नगर में बस गए. सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने अपने सादे जीवन और निष्कलंक छवि के कारण समाज में सम्मानजनक स्थान बनाए रखा.

भोपाल पुलिस मुख्यालय में जब भी नए अधिकारी पदस्थ होते, तो पाराशर साहब की ईमानदारी के किस्से ज़रूर सुनते. वे हर परिस्थिति में काम से समझौता न करने के लिए जाने जाते थे. अपराध घटित होते ही वे दिन-रात बिना थके सक्रिय रहते और अपराधियों को पकड़ने में जुट जाते. उनकी कार्यशैली ऐसी थी कि वरिष्ठ अधिकारियों को



भी कोई मौका नहीं देते थे.उनके किस्से आज भी पुलिसकर्मियों के बीच दंतकथाओं की तरह सुनाए जाते हैं.

सहकर्मी और मातहत अधिकारी अक्सर कहते थे— "पाराशर साहब जैसे अफसर फिर नहीं आएँगे." उनकी ईमानदारी और सादगी इतनी गहरी थी कि उनका नाम विभाग में मानक बन चुका था.

शोकाकुल परिवार में उनके भाई मुरारीलाल पाराशर और अशोक पाराशर, पुत्र दीपेश पाराशर और अनिवेश पाराशर सहित पूरा पाराशर परिवार सम्मिलित है. उनकी अंतिम यात्रा रविवार को निज निवास, दीनदयाल नगर से मुरार मुक्तिधाम के लिए निकली. अपनी स्वच्छ छवि और दायित्व के प्रति हमेशा निष्ठावान रहने वाले श्री पाराशर ने सतना में अपनी सेवा के दौरान दस्यु समस्या और गांजा कारोबार पर नकैल कसने की भरपूर कोशिश की थी. उनके कार्यकाल के दौरान अपराधी भी अपराध करने से भय खाते थे.

### ईमानदारी की अमर विरासत

श्री पाराशर का जीवन इस बात का प्रतीक रहा कि ईमानदारी केवल एक गुण नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है. उन्होंने कभी भी परिस्थितियों से समझौता नहीं किया. वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर आम पुलिसकर्मियों तक, सभी उन्हें एक ऐसे अधिकारी के रूप में जानते थे जो अपने सिद्धांतों से ज़रा भी विचलित नहीं होते थे. उनके निधन से समाज ने एक ऐसे व्यक्तित्व को खोया है जिसकी सबसे बड़ी विरासत ईमानदारी और निष्पक्षता है. आने वाली पीढ़ियां उनसे यह प्रेरणा लेती रहेंगी कि यदि इच्छाशक्ति प्रबल हो तो किसी भी व्यवस्था में सत्य और निष्ठा की लौ सदैव जलाए रखी जा सकती है.

# अनियंत्रित बस ने महिला को कुचला

## रीवा मनगवां ओव्हर ब्रिज के पास हुई घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, मनगवां थाना अन्तर्गत रीवा-मनगवां ओवर ब्रिज के पास अनियंत्रित बस ने रविवार की शाम एक महिला को कुचल दिया. काफी देर तक महिला सड़क पर तड़पती रही, जब तक पुलिस पहुंची उसकी मौत हो गई.**

सड़क पर लोगो की भीड़ एकत्र हो गई. थाने को सूचना दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने



शव को सड़क से उठाकर पीएम के लिये भेजा. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. बताया गया है कि महिला अपने पति के साथ मोटर साइकल से रघुनाथगंज से उपरहटी रीवा अपनी घर आ रही थी. अनियंत्रित बस ने मोटर साइकल को ठोकर मारने के बाद मुन्नी नामदेव को कुचलते हुए आगे निकल गई. जबकि पति विनोद कुमार नामदेव मोटर साइकल से उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये. जिन्हे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

# देवी पर विवादित पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने डिलीट की विवादित पोस्ट

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर. सोशल मीडिया पर मैहर स्थित मां शारदा देवी पर विवादित पोस्ट वाइरल होने से लोग आक्रोशित हो गए. मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने विवादित पोस्ट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. इसी कड़ी में पुलिस द्वारा उक्त पोस्ट को डिलीट कर दिया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत भटवा टोला पतवारा निवासी प्रदीप सिंह



मौर्य पिता गया प्रसाद द्वारा अपने सोशल मीडिया एकाउंट सम्राट प्रदीप सिंह मौर्य के जरिए एक पोस्ट डाली थी. उक्त पोस्ट में महैर स्थित मां शारदा पर विवादित टिप्पणी की गई थी. यह पोस्ट वाइरल होते ही पढ़ने वाले लोगों में आक्रोश फैलने लगा. वहीं मामला पुलिस के संज्ञान में भी आया. लिहाजा नागौद थाने की पुलिस फौरन हरकत में आ गई. आनन-फानन में पोस्ट डालने वाले युवक की जानकारी जुटाई गई. जिसके बाद खोजबीन करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया. हलांकि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी उक्त पोस्ट सोशल मीडिया पर बनी रही. लेकिन जब इस बावत आपत्ति पहुंचनी शुरु हुई तो पुलिस द्वारा उक्त पोस्ट को डिलीट कर दिया गया. वहीं सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती देख आरोपी ने माफी मांगनी शुरु कर दी.

# प्रशासन पर अमहिया में लापरवाही का आरोप

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा प्रशासन ने परिस्थितियां छिपाई



नवभारत न्यूज

**सीधी 21 सितंबर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ धौहनी विधानसभा के ब्लॉक मझौली के ग्राम अमहिया में फैले कालरा हैजा की स्थिति जांचने पहुंचे है कई दिनों से लगातार कांग्रेस कार्यकर्ता उक्त गंभीर स्थिति के बारे में अपनी चिंता व्यक्त कर रहें थे.**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह जिला प्रशासन आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पहुंचकर स्पष्ट हो रहा है कि हैजा और कालरा फैला हुआ है और प्रशासन इस बीमारी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है जबकि इसी के कारण तीन लोगो की मृत्यु हो चुकी है,मृतकों में जगजाहिर यादव एवं उनकी पत्नी सोनवती यादव है, एक अन्य मृत्यु ग्राम कमचड़ निवासी फूलकली यादव कि हुई है जो कि ग्राम अमहिया गई हुई थी तो वहां लोगों के संपर्क में आने से उसकी मृत्यु हो गई । जिला प्रशासन फैली हैजा की बीमारी को स्वीकार करने को तैयार नहीं है समय रहते यदि प्रशासनिक अमला नहीं चेतता एवं उन गांव में कैंप लगा करके उक्त बीमारी की समुचित इलाज की व्यवस्था नहीं किया जाता है तो यह और भयावह रूप धारण कर सकती है। उन्होंने जिला प्रशासन को चेताते हुए कहा कि जल्द से जल्द स्वस्थ कैंप लगाकर ग्रामीणों की चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जाए एवं इस बीमारी को और अधिक फैलने से रोकने के कारगर प्रयास किए जाएं।

### इन्होंने किया गांव का भ्रमण

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद सिंह शेर, संजय सिंह, विनोद जायसवाल, संस्कृति विश्वकर्मा, रामकृपाल यादव , रामभुवन सहित कांग्रेस पदाधिकारी भी रहे।

# चोरों ने कपड़े की दुकान को बनाया निशाना, नगदी सहित सामान पार

## गढ़ थाना क्षेत्र की घटना, पुराने बस स्टैण्ड की दुकान में बोला धावा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, गढ़ थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं. बीते साल जिस तरह लगातार चोरी और लूट की वारदातों ने लोगों को दहशत में डाला था, उसी कड़ी में एक और बड़ी वारदात सामने आई है. इस बार चोरों ने गढ़ पुराने बस स्टैंड स्थित कपड़े की दुकान को निशाना बनाया और हजारों का सामान व नकदी लेकर फरार हो गए.**

मिली जानकारी के अनुसार ट्रेंड मेन्स वेयर नामक दुकान जो बस स्टैंड गढ़ में स्थित है. उसके संचालक सूर्यबली सिंह पिता तेजबली सिंह, उम्र 32 वर्ष निवासी गढ़ ने बताया कि 20 सितंबर की दरमियानी रात को अज्ञात चोर दुकान के पीछे से टिन शेड खोलकर अंदर घुस आए. दुकान का



सामान अस्त-व्यस्त मिला और चोर कुछ कपड़े सहित नकदी निकाल ले गए. उन्होंने बताया कि 6 माह पूर्व भी दुकान में चोरी हुई थी, जिसका आज तक कोई खुलासा नहीं हुआ है. 21 सितंबर को करीब 9:30 बजे जब संचालक ने दुकान खोली, तो चोरी की घटना का खुलासा हुआ. आनन-फानन में इसकी शिकायत लिखित आवेदन के माध्यम से गढ़ थाने में की गई और तत्काल कार्यवाही की मांग उठाई गई. गढ़ क्षेत्र में यह कोई पहली वारदात नहीं है, बीते वर्ष भी इसी तरह लगातार चोरी की घटनाएं सामने आई थी. जिनमें अधिकांश का आज तक कोई खुलासा नहीं हो पाया. स्थानीय लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह मामला भी पूर्व की घटनाओं की तरह सिर्फ कागज़ों में दर्ज रह जाएगा? या पुलिस चोरो तक पहुंच पाएगी. फिलहाल चोरी की इस वारदात का खुलासा गढ़ पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है.

### नवरात्र मेले में व्हीआईपी दर्शन व्यवस्था रहेगी प्रतिबंधित

**सतना 21 सितंबर,** मैहर में मां शारदा देवी का आगामी नवरात्रि मेला 22 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। नवरात्रि मेला में देश के कोने-कोने से प्रतिदिन श्रद्धालु लाखों की संख्या में मैहर आते हैं।प्रशासक मां शारदा देवी प्रबंध समिति की प्रशासक एसडीएम मैहर दिव्या पटेल ने श्रद्धालुओं के सुविधा व्यवस्था के दृष्टिगत मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार नवरात्रि मेला में मंदिर गर्भगृह के अंदर व्हीआईपी दर्शन व्यवस्था का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

# स्वच्छता पखवाड़ा के 5वें दिन जुड़ी तालाब की जनभागीदारी से हुई सफाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 सितम्बर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत निगमायुक्त सविता प्रधान के मार्गदर्शन पर स्वास्थ्य नोडल अधिकारी रूपाली द्विवेदी के नेतृत्व और वार्ड 38 पार्षद अनिल बैस को उपस्थिति में जुड़ी तालाब में स्वच्छता श्रमदान किया गया।**

गतिविधि के दौरान उपस्थित रहवासियों से स्त्रोत पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, खुले में



कचरा न फेंकने इत्यादि की जागरूकता के बाद स्वच्छता शपथ दिलाया गया। प्रमुख रूप से गतिविधि के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अवनीश दुबे, आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ताओ में नितेश सिंह, राजन पाण्डेय, नरेंद्र चौबे, नीलम उपाध्याय, प्रभाकर श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक पवन बरोदे एवं स्वच्छता विभाग की पूरी टीम मौजूद रही।

# सितुलखुर्द में महिला के साथ दुराचार, मामला दर्ज

## माडा थाना क्षेत्र का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 सितम्बर। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सितुलखुर्द में बीते शनिवार की सुबह एक 25 वर्षीय महिला के साथ जबरन दुराचार किया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये मामले को विवेचना में लिया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सितुलखुर्द में एक 25 वर्षीय महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी देवकुमार शाह निवासी वाड़ी सितुल ने जबरन सरिया में ले जाकर धमकी देते हुये मुहँ बंद कर दुराचार किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवकुमार शाह के खिलाफ धारा 74, 64(1), 296,351(3) के तहत मामला दर्ज करते हुये मामले को विवेचना में ले लिया गया है।

# चोरी के आरोपियों के साथ जेवरात किये बरामद

## बिछिया पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, बिछिया पुलिस ने घर में चोरी करने वाले आरोपियों को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया है. 19 सितम्बर को अनीता विश्वकर्मा निवासी तोपखाना ने शिकायत की थी कि दोपहर को वह घर का ताला बंद कर चली गई थी और जब लौटकर आई तो ताला टूटा था और घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित पैसे गायब थे. शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की.**

बिछिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर संदेही राज सेन पिता विकास सेन उम्र 24 वर्ष निवासी बड़ी पाती शिवपूर्वा थाना गोविन्दगढ़ हाल किराये का मकान जिला अस्पताल के पास थाना बिछिया एवं फैजल खान उर्फ विक्की पिता स्व. हलीम खान उम्र 23 वर्ष निवासी अम्बेडकर कॉलोनी निपनिया को पुलिस हिरासत में लिया जाकर घटना के संबंध में पूंछताछ किया गया तो जुर्म करना स्वीकार किये. आरोपियों की निशादेही में चोरी गया मशरूका, सोने के जेवरात, बरामद किया जाकर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया. अभियुक्त राज सेन पिता विकास सेन उम्र 24 वर्ष निवासी बड़ी पाती शिवपूर्वा शहर का शातिर पेशेवर अपराधी है इसके विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली रीवा एवं थाना बिछिया में चोरी, वाहन चोरी एवं मारपीट के आधे दर्जन अपराध पंजीबद्ध होकर विभिन्न न्यायालयों में बिचाराधीन है.

# असंतुष्ट कांग्रेस के ब्राम्हण नेताओं ने सतना में की बैठक

## प्रबुद्ध चिंतन के नाम से हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर, कांग्रेस संगठन में लगातार की जा रही ब्राह्मण समाज की अनदेखी अब विंध्य में विरोधी स्वर का रूप लेने लगी है।रीवा के चिंतन शिविर में उठी आवाज रविवार को सतना में और ज्यादा तीखी हो गई।**

होटल एसएस ग्रैंड में आयोजित "प्रबुद्ध चिंतन" बैठक में 200 से ज्यादा ब्राह्मण नेता खुले मंच से गरजे "हम हर चुनाव में निर्णायक हैं, लेकिन हमें संगठन में हाशिए पर धकेला जा रहा है। अब



यह अपमान और नहीं सहेंगे।"

बैठक में नेताओं का आक्रोश साफ दिखाई दिया। सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली से जुटे नेताओं ने कांग्रेस आलाकमान को इशारे इशारे में संदेश देते हुए कहा कि अगर संगठन में हिस्सेदारी नहीं बढ़ाई गई तो आने वाले चुनाव में विंध्य में कांग्रेस की जमीन पर असर दिखेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह असंतोष अगर और भड़का तो कांग्रेस को विंध्य में भारी सियासी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में सतना से दिलीप मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा, उर्मिला त्रिपाठी, ध्रुव त्रिपाठी शामिल हुए, वहीं रीवा से विनोद शर्मा, गिरजेश पांडेय, लालमणि पांडेय, राहुल मिश्रा और ददन पांडेय मौजूद रहे।मैहर से शिवम पांडेय और अखिल मिश्रा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजन के सूत्रधार महिपत शुक्ल, उपेन्द्र मिश्रा और बेटा चतुर्वेदी बताये जा रहे।

# अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज ने निकाली शहर में शोभा यात्रा

## उप मुख्यमंत्री ने अग्रसेन चौक पर उतारी आरती, 18 पुत्रों के प्रतीक स्वरूप बच्चों की रही आकर्षक झांकी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, अग्रकुल प्रर्वतक महराजा अग्रसेन जयन्ती के उपलक्ष्य में स्थानीय राजकपूर आडिटोरियम में आनन्द मेला एवं फैन्सी ड्रेस का आयोजन किया गया और रविवार को शहर में अग्रसेन महराज की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई.**

अग्रवाल युवा मंडल द्वारा यह शोभा यात्रा निकाली गई. उनके 18 पुत्रों के प्रतीक स्वरूप मानकर समाज के बच्चों की आकर्षक झांकी सजाई गई. पिछले 15 दिवसीय कार्यक्रम की बेला में



अग्रसेन जयंती समारोह के 14 वें दिन शहर में रीवा अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अग्रसेन जी तथा माता महालक्ष्मी का अग्रवाल समाज भवन फोर्ट रोड स्थित मंदिर में आरती, पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ अध्यक्ष एड.सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया. विभिन्न मार्गो से होकर शोभा यात्रा अग्रसेन चौक पहुंची. जहा विधि विधान से महराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई. शोभा यात्रा में अग्रसेन महराज की झांकी के साथ समाज के लोग नाचते गाते चल रहे थे. अग्रसेन चौक शोभा यात्रा पहुंची. जहा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने अग्रसेन महराज की आरती उतारी और अग्रवाल समाज द्वारा किये जा रहे सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यो को याद किया. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, ननि अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय का राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती मीना बंसल द्वारा शाल-श्रीफल एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया.

### ये रहे शामिल

इस दौरान अग्रवाल समाज रीवा के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, डा0 राजेश सिंघल, श्रीमती शोभा अग्रवाल, जवाहर लाल अग्रवाल, गणेश प्रसाद अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, नूतन अग्रवाल, उत्तम अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अर्जित डालमिया, गौरव अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे .


**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**

**E-Tender Cell Department**

**Sinhastha Work -** E-Tender Notice No.03 (2025-26)

Nashik Municipal Corporation, Nashik Public Works Department vide E-Tender Notice No. 03 (Year 2025-26) invites bids for 18 number of works which will be displayed on the website www.mahatenders.gov.in. from dt.22/09/2025 to 06/10/2025 up to 3.00 pm. Last date for acceptance of tender will be dt.06/10/2025.

**Note -** All further necessary notices/clarifications will be published on the online website.

| Sd/-xxx | Sd/-xxx |
|---|---|
| Executive Engineer (Tender Cell) Nashik Municipal Corporation | Additional Commissioner(2) Nashik Municipal Corporation |

जनसंपर्क/जा.क्र/२६०/२०२५ दि.२०/०९/२०२५ गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99